भिलाई में आवारा पशुओं के खिलाफ निगम का अभियान, रोजाना सड़कों से पकड़े जा रहे मवेशी

भिलाईनगर। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण बढ़ती यातायात समस्याओं और दुर्घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। निगम के रोका–छेका विभाग की टीम प्रतिदिन शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, चौक–चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर सड़कों पर बैठे पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। निगम की इस पहल से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के साथ–साथ पशुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है। निगम अधिकारियों के अनुसार अभियान के तहत अब तक बड़ी संख्या में मवेशियों को सड़कों से हटाकर कोसानाला गौठान पहुंचाया गया है। यहां पशुओं के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल, छाया और चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। पशुओं की नियमित निगरानी भी की जा रही है ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। शहर में कई बार आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं होने और यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद निगम प्रशासन ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया। रोका–छेका विभाग की टीम सुबह से शाम तक विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर ऐसे पशुओं की पहचान कर उन्हें पकड़ने का कार्य कर रही है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे अपने पशुओं को खुला छोड़ने से बचें। खुले में छोड़े गए पशु न केवल आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं, बल्कि स्वयं भी दुर्घटनाओं के शिकार हो सकते हैं। ऐसे मामलों में नगर पालिक निगम अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की जा सकती है। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। आने वाले दिनों में और अधिक क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को गौठानों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सुरक्षित यातायात और बेहतर शहरी व्यवस्था का लाभ मिल सके।